हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 11 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 37 .0 डिग्री
न्यूनतम 14 .2 डिग्री

9 सीजन का सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार



10 सरकारी जमीन पर लोगों के कब्जे हटाने के लिए नहीं उठाए कदम



## खबर संक्षेप

### चोरी की आरोपी चार महिलाओं को भेजा जेल

रेवाड़ी। गुर्जरवाड़ा के पास नया बाजार में एक दुकान से कपड़े चोरी करने के मामले में गिरफ्तार चारों महिलाओं को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। गुरूग्राम के धनकोट निवासी अंजली, गीता, एकता व मंजीत को दुकानदारों ने कपड़े चोरी करते हुए पकड़कर सिटी पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने के बाद दो जोड़ी सूट व दो साड़ियां बरामद की थीं। उनके खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया गया था। आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### एक्साइज एक्ट में पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। माजरा गुरदास निवासी इंद्रजीत के खिलाफ वर्ष 2021 में एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। कोर्ट ने उसे अवमानना के आरोप में पीओ घोषित करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ गत 9 मार्च को केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### सड़क हादसों के दो आरोपी किए काबू

रेवाड़ी। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद फरार हुए दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। गत 8 मार्च को हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। सदर थाना पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में पुलिस ने दुर्गा कॉलोनी में रह रहे यूपी निवासी मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार किया है। खोल थाना पुलिस ने 5 मार्च को हुए हादसे के बाद दर्ज मामले में भालखी निवासी नवीन को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में महिला गिरफ्तार

रेवाड़ी। खोल थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर महिला को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में उसकी सास को गिरफ्तार किया है। एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के कारण पुलिस ने गत वर्ष 17 नवंबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने गुजरात के हलोल निवासी कृष्णा देवी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### कोर्ट से घोषित किया गया पीओ गिरफ्तार

बावल। बावल थाना पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में चल रहे मामले में चरखी दादरी के कोल्हावास निवासी इंद्रजीत लगातार अनुपस्थित चल रहा था। कोर्ट ने उसे पीओ करार देते हुए उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर गत 18 फरवरी को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी इंद्रजीत को गिरफ्तार कर लिया।

### दुकान पर सामान लेने गई युवती लापता

कोसली। क्षेत्र के गांव से एक युवती बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गई। युवती की मां ने बेटी की गुमशुदगी की शिकायत कोसली थाने में दर्ज कराई है। युवती की मां ने बताया कि उनकी 21 वर्षीय बेटी रविवार शाम कोई सामान लेने के लिए गांव में ही एक दुकान पर गई थी, लेकिन वापस घर नहीं आई।

---

मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण कराने वाले किसानों का ही जारी होगा गेट पास

# अनाजमंडी में सरसों की आवक तेज, एमएसपी से ज्यादा 6500 रुपये क्विंटल तक बिकी फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अनाजमंडी में सरसों की आवक बढ़ती जा रही है। किसान भी खेतों में सरसों की जोर-शोर से कटाई में जुटे हुए है। मंडी में अभी तक करीब 4 हजार क्विटंल सरसों की आवक हो चुकी है। फिलहाल किसान खुले में सरसों बेच रहे है। अनाजमंडी में व्यापारियों की ओर से ओपन में 6000 से 6500 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से सरसों खरीदी जा रही है, जबकि सरकार की ओर से इस बार एमएसपी 6200 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। सरसों की एमएसपी पर सरकारी खरीद मार्च के अंत में और गेहूं की अप्रैल के पहले सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद है। सरकार ने फसल खरीद व्यवस्था को लेकर नए निर्देश जारी किए हैं। इस बार मंडी में किसानों को सरकारी समर्थन मूल्य पर सरसों या गेहूं की बिक्री के लिए बॉयोमीट्रिक मशीन पर अंगूठा लगाना होगा। इस बार जिले में करीब 80 हजार हेक्टेयर में सरसों व 35 हजार हेक्टेयर में गेहूं की बिजाई की गई थी।

सरसों की एमएसपी पर सरकारी खरीद मार्च के अंत में और गेहूं की अप्रैल के पहले सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद

#### सरकारी खरीद के बदले गए नियम

अनाजमंडी में मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण कराने वाले किसानों का ही गेट पास जारी किया जाएगा। गेट पास लेने के लिए किसानों को अपना रजिस्ट्रेशन नंबर या फिर मोबाइल नंबर बताना पड़ेगा। इसके बाद किसान को बॉयोमीट्रिक मशीन पर अंगूठा लगाना होगा। मशीन आधार कार्ड से लिंक होगी। मशीन से किसान की पुष्टि होने के बाद सरसों व गेहूं बेचने के लिए गेट पास जारी किया जाएगा। अगर अंगूठे के निशान नहीं मिला तो किसान को गेट पास जारी नहीं होगा।



रेवाड़ी। अनाजमंडी में नई सरसों की बोली लगाते हुए व्यापारी। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। अनाजमंडी में सड़क व फड पर खड़ी प्राइवेट बसें। फोटो : हरिभूमि

#### अनाजमंडी में ट्रांसपोर्टरों का कब्जा

अनाजमंडी में लंबे समय से ट्रांसपोटर्स की ओर से अपनी बसें खड़ी करके अस्थाई कब्जा जमाया हुआ है। अनाजमंडी में दिन-रात बड़ी संख्या में प्राइवेट बस और अन्य वाहन खड़े रहते हैं। अधिकांश बसें बड़े ट्रांसपोर्टरों की हैं, जो कंपनियों का स्टाफ उठाने और छोड़ने के अनाजमंडी में खड़ी कर दी जाती हैं। यहां तक कि कई शिक्षण संस्थानों की बसें भी अनाजमंडी में ही खड़ी की जा रही है। फसल आने के बाद ये वाहन किसान भवन के पास खड़े कर दिए जाते है। अब अनाजमंडी में सरसों की आवक बढ़ती जा रही है, लेकिन बसों का जमावड़ा अभी भी कम नहीं हो रहा है।

#### एमएसपी से ज्यादा बिक रही सरसों

*सरकार की ओर से इस बार 250 रुपये बढ़ाकर सरसों की एमएसपी 6200 रुपये की है। अभी सरकारी खरीद शुरू होने में समय है। फिलहाल अनाजमंडी में 6500 रुपये प्रति क्विंटल तक सरसों की बिक्री हो चुकी है। अनाजमंडी में मार्च के अंत में सरसों की आवक जोर पकड़ेगी। अभी किसान खेतों में सरसों की कटाई करने में जुटे हुए है। गत वर्ष में जिले की रेवाड़ी, कोसली व बावल अनाजमंडी में 8 लाख क्विंटल से अधिक सरसों खरीदी गई थी। रेवाड़ी अनाजमंडी में 481574 क्विटल सरसों की खरीद की गई।*

---

### गांव गोठड़ा टप्पा डहीना में रात्रि ठहराव कार्यक्रम 13 को

रेवाड़ी। जिला प्रशासन की ओर से 13 मार्च को गांव गोठड़ा टप्पा डहीना में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीटीएम जितेंद्र कुमार ने बताया कि डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। सीटीएम ने बताया कि सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

- सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को समाधान किया जाएगा

# विशेषज्ञों ने अयोग्य व्यक्तियों की त्वचा एवं कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट, वेनेरोलॉजिस्ट और लेप्रोलॉजिस्ट यानि आईएडीवीएल हरियाणा स्टेट ब्रांच की ओर से मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये आम जनता को त्वचा एवं कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं को अयोग्य व्यक्तियों की ओर से किए जाने के बढ़ते मामलों के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष मंदीप बुकर ने कहा कि हाल के वर्षों में हेयर ट्रांसप्लांटेशन, इयरलोब रिपेयर, फंगल इंफेक्शन का इलाज तथा अन्य कॉस्मेटिक त्वचा प्रक्रियाएं ऐसे लोगों की ओर से की जा रही हैं, जो न तो इसके लिए विधिवत प्रशिक्षित हैं और न ही कानूनी रूप से अधिकृत है। यह प्रवृत्ति मरीजों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। उन्होंने हाल ही में सामने आए एक मामले का भी उल्लेख किया, जिसमें मुंबई की एक डॉ. को चेन्नई के एक होटल में इयरलोब रिपेयर सर्जरी करते हुए कथित तौर पर रंगे हाथों पकड़ा गया। यह घटना दशार्ती है कि किस प्रकार बिना उचित योग्यता और अनुमति के चिकित्सा प्रक्रियाएं की जा रही हैं। महासचिव डा. दीपक शर्मा ने कहा कि जागरूकता की कमी के कारण कई मरीज अनजाने में ऐसे अयोग्य व्यक्तियों के पास इलाज कराने चले जाते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान हो सकता है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी त्वचा रोग या कॉस्मेटिक प्रक्रिया के लिए केवल योग्य एवं पंजीकृत त्वचा विशेषज्ञ से ही परामर्श लें।



रेवाड़ी। प्रेसवार्ता करते हुए त्वचा रोग विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

#### मौके पर ये मौजूद रहे

*इस अवसर पर स्टेट ब्रांच की कोषाध्यक्ष मयंका बत्रा सहित डा. अजीत सिंह यादव, डा. योगेन्द्र यादव, डा. मनीष कुमार, डा. आंचल सक्सेना, डा. भावना भुराड़िया व डा. रेखा यादव मौजूद थी। डॉक्टरों ने कहा कि स्वयं दवा लेना तथा बिना योग्य चिकित्सक के उपचार कराना गंभीर दुष्परिणाम पैदा कर सकता है। इसलिए लोगों को सावधान रहने और सही चिकित्सक से ही उपचार कराने की आवश्यकता है।*

### टींट में पीएचसी की स्वीकृति के लिए स्वास्थ्य मंत्री का जताया आभार



रेवाड़ी। स्वास्थ्यमंत्री का आभार जताते हुए जिला प्रमुख। फोटो : हरिभूमि

*रेवाड़ी। जिला प्रमुख मनोज यादव ने टींट गांव में पीएचसी की स्वीकृति देने के लिए मंगलवार को चंडीगढ़ में कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव का आभार जताया। जिला प्रमुख ने कहा कि गांव को पीएचसी की सुविधा मिलने आसपास के गांवों को भी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। पीएचसी की स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस मौके पर आरती राव ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। हरियाणा में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। इस मौके पर बवाना सरपंच रामकरण, राजीव यादव, नीरज यादव, बलवंत सिंह व सुनील यादव मौजूद थे।*

---

## एआई का उपयोग कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे साइबर ठग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे के लेकर आमजन को सतर्कता बरतने की हिदायत दी है। आजकल साइबर अपराधी एआई यानि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर आपके अपनों की आवाज और चेहरे की नकल कर ठगी कर रहे हैं। एसपी ने बताया कि ठगों की ओर से आपको फोन आएगा, आवाज बिल्कुल आपके बेटे, भाई या दोस्त की होगी और कहा जाएगा कि मेरा एक्सीडेंट हो गया है या पुलिस ने पकड़ लिया है, तुरंत पैसे भेजो। वीडियो कॉल पर आपके किसी परिचित का चेहरा दिखेगा, जिससे आप बिना शक किए पैसे ट्रांसफर कर देंगे। वर्दी पहनकर अपराधी वीडियो कॉल करेंगे और कहेंगे कि आपके नाम से ड्रग्स पकड़ी गई है, आप घर में कैद हैं।

## दूसरी बेटी के जन्म पर कुआं पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

खंड खोल के गांव गोठड़ा अहीर में आयकर अधिकारी अनुज यादव व प्रोफेसर डा. पूनम यादव दम्पति ने अपनी दूसरी पुत्री खगेश्वरी के जन्म पर कुआं पूजन समारोह का आयोजन कर समाज को लड़का व लड़की की समानता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार महिला दिवस पर पूरे प्रदेश में बेटी पढ़ाओ,बेटी बचाओ के संदेश के साथ कार्यक्रम आयोजन किए जाते है। उन्होंने भी दूसरी बेटी का कुआं पूजन कर समाज को बेटा-बेटी एक समान होने का संदेश दिया है। इस अवसर पर डा. पूनम यादव ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि सभी मिलकर बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ मुहिम को सशक्त बनाएं, जिससे समाज के प्रत्येक व्यक्ति की धारणा बदल सके कि बेटियां भी किसी तरह बेटों से कम नहीं है। बेटिया आज शिक्षा, खेल, राजनीति व समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। अनुज यादव अपनी कार्यशैली से विभाग स्तर पर 2024 में वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन से उत्कृष्टता अवार्ड प्राप्त कर चुके है तथा ग्रामीण क्षेत्र में खेल व शिक्षा सामाजिक सेवा के कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर कोसली विधायक अनिल यादव, बाबू रवि यादव कंवाली, जिला प्रमुख मनोज यादव, पूर्व जिला प्रमुख एडवोकेट सतीश यादव, मार्केट कमेटी उप प्रधान नवलकिशोर गुप्ता व पेट्रोल पम्प एसोसिएशन के प्रधान अनिल यादव सहित टैक्स बार एसोसिएशन गुरुग्राम, रेवाड़ी व नारनौल टैक्स बार के सदस्य उपस्थित थे।



---



रेवाड़ी। प्रतियोगिता में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### लड़कों की सौ मीटर दौड़ में विशाल व लड़कियों में रेनु बनी विजेता

रेवाड़ी। राजकीय बहुतकनीकी धामलावास में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन संस्था के प्राचार्य विजयसिंह के मार्गदर्शन व विभागाध्यक्ष रचना यादव के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जेटीकेईटी कंपनी के प्लांट हेड मुकुल कालरा थे, जबकि एरिया हेड सुनील यादव व अवधेश शर्मा मैनेजर एचआर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रेस प्रवक्ता राकेश यादव ने मंच संचालन किया। विभागाध्यक्ष अमितेन्द्र ने कहा कि बच्चों को हार के डर से खेल प्रतियोगिता में भाग लेने से बचना नहीं चाहिए। खेल अधिकारी अनिल यादव ने कहा कि खेल में आपस में दुश्मनी भी नहीं रखनी रखनी चाहिए, बल्कि भाईचारे की भावना होनी चाहिए। इस अवसर पर मुकेश पुनिया, परमजीत यादव, पवित्रपाल यादव, खेल प्रभारी मनेंद्र यादव, रामानंद यादव, विजय यादव, ललित मोहन, प्रदीप कुमार, सरिता, नीरज, नवीन, मुकुल, साहिल, निशांत, दीपिका, प्रेमचंद, पवन, मनोज, अश्वनी, अजीत, रेनू व कृष्ण सहित अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।

**ये रहे खेल प्रतियोगिताओं के परिणाम**

लड़कों की 100 मीटर दौड़ में विशाल इलेक्ट्रिकल से प्रथम, कुशाल ऑटोमोबाइल से द्वितीय व गगन इलेक्ट्रिकल से तृतीय स्थान पर रहे। लड़कों की 400 मीटर रिले दौड़ में मैकेनिकल से मोहित, साहिल, पीयूष व हिमांशु ने प्रथम, एमएलटी से इंदरजीत, परवीन, सोमवीर व जतिन ने द्वितीय और इलेक्ट्रिकल से सूरज, हर्ष, लकी व विशाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की 400 मीटर रिले दौड़ में कम्प्यूटर ट्रेड से वंशिका व निशु प्रथम, एमएलटी ट्रेड से प्रिया व रेनु द्वितीय तथा कम्प्यूटर ट्रेड से साक्षी व स्वेता तृतीय स्थान पर रही। लड़कियों की 100 मीटर रेस में एमएलटी ट्रेड से प्रथम रेनु, कम्प्यूटर से वंशिका द्वितीय व एमएलटी से प्रिया तीसरे स्थान पर रही।

---

**समस्या** डीएसएसी कोड के बिना नहीं मिलेगा सिलेंडर, 25 दिन से पहले नहीं मिलेगा ओटीपी

**अन्य विकल्पों की तलाश करनी होगी**

# अमेरिका-ईरान युद्ध के इम्पेक्ट शुरू एलपीजी सिलेंडर लेना हुआ मुश्किल

- अधिक खपत वाले बड़े परिवारों के लिए माह में एक बार से ज्यादा बार सिलेंडर लेना मुमकिन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अमेरिका और इजराल के साथ चल रहे ईरान युद्ध के साइड इफेक्ट आने शुरू हो गए हैं। एक ओर जहां एलपीजी के दामों में वृद्धि हो चुकी है, तो दूसरी ओर गैस कंपनियों से ग्राहक को डीएससी कोड मिले बिना ग्राहक को सिलेंडर देना बंद कर दिया गया है। ओटीपी भी अब 15 की बजाय 25 दिन में मिलना शुरू हो गया है।

युद्ध शुरू होने से पहले तक कुकिंग गैस उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता था। उपभोक्ताओं को माह में दो बार से भी ज्यादा सिलेंडर उपलब्ध हो जाते थे। युद्ध शुरू होने के बाद एक ओर सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडरों के दाम में 60 रुपये तक की वृद्धि कर दी है, तो दूसरी ओर उपभोक्ताओं के लिए बार-बार गैस सिलेंडर लेने का रास्ता भी बंद हो गया है।

किसी भी उपभोक्ता को गैस कंपनियों से डीएससी कोड लिए बिना सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है। यह कोड भी अब 15 दिन की बजाय 25 दिन बाद मिलने लगा है, जिससे अधिक खपत वाले बड़े परिवारों के लिए माह में एक बार से ज्यादा बार सिलेंडर लेना मुमकिन नहीं रहा है। गैस का अधिक इस्तेमाल करने वाले लोगों के लिए अब गैस की बचत करना भी जरूरी हो गया है। खपत कम नहीं करने पर उन्हें एक बार फिर से इंधन के चूल्हों या अन्य विकल्पों की तलाश करनी होगी।

#### कालाबाजारी की आशंका बढ़ी

जब भी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होती है, इसकी कालाबाजी की आशंका भी बढ़ जाती है। एक दशक पूर्व तक गैस सिलेंडरों की जमकर कालाबाजारी होती थी। इसके बाद सप्लाई सामान्य होते ही कालाबाजारी पर लगभग विराम लग गया था। अब एक बार फिर से गैस की किल्लत होने पर कालाबाजारी की आशंका बनी रहेगी।

#### गैस एजेंसियों के स्टॉक की निगरानी

गैस कंपनियों की ओर से आपूर्ति में अभी कोई कमी नहीं की गई है। सिलेंडर रिफिल कराने की अवधि जरूर बढ़ाई गई है। विभाग की ओर से गैस एजेंसियों के स्टॉक की नियमित जांच की जा रही है। किसी तरह की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। **-नितिश कुमार सिंगला, डीएफएससी।**



रेवाड़ी। गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए खड़े लोग। फोटो : हरिभूमि

**ओटीपी के बाद ही मिलेगी सप्लाई**

गैस सिलेंडर बुक करने के बाद उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल फोन पर ओटीपी मिलेगा। ओटीपी डालने के बाद डीएसी कोड मिलेगा। इस कोड के आधार पर ही ग्राहक को गैस सिलेंडर मिल सकेगा। इससे पहले फोन-पे या दूसरी एप के जरिए ग्राहक माह में एक बार से ज्यादा बार सिलेंडर बुक कर सकते थे, परंतु अब 25 दिन बाद ही एप पर ऑप्शन मिल सकेगा।

**एडवांस सिलेंडर लेने उमड़ रहे लोग**

युद्ध के लंबा चलने की सूरत में गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत की आशंका ने लोगों को चिंतित करना शुरू कर दिया है। घर पर समय सीमा के बाद होम डिलीवरी वाले सिलेंडर का इंतजार करने की बजाय लोग गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए पहुंच रहे हैं, ताकि वह एडवांस सिलेंडर का स्टॉक रख सकें। एजेंसियों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है।



# धुरंधर 2 का नया पोस्टर जारी ईश्वर के प्रकोप का दिया संकेत

**मुंबई।** रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' का एक नया पोस्टर जारी हो चुका है। फैंस पोस्टर में रणवीर सिंह के दोनों लुक को लेकर काफी उत्सुक हैं। 'धुरंधर 2' के नए पोस्टर में रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में दिख रहे हैं- जसकिरत सिंह रंगी और हमजा अली मजारी। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ईश्वर का प्रकोप आ रहा है'। फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। फैंस 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के लुक को देखकर बहुत खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

## लाइफ Style

# अनीत
## बायोपिक में कास्टिंग की खबरें बेबुनियाद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लेजेंडरी एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की चर्चा काफी लंबे समय से चल रही है। हाल ही खबर आई कि इसमें मधुबाला का किरदार 'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा निभाएंगी, पर ऐसा नहीं है। अब इंडस्ट्री के सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है।

अनीत पड्डा फिल्म में मधुबाला का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सोर्स ने साफ किया कि अनीत पड्डा का नाम मधुबाला बायोपिक से जोड़ना एकदम गलत है। सोर्स ने कहा कि अनीत पड्डा को लेकर जो भी खबरें उड़ रही हैं, उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मधुबाला भारतीय सिनेमा का एक बहुत बड़ा नाम हैं, इसलिए इन अफवाहों ने फिल्म प्रेमियों के बीच काफी हलचल मचा दी थी। पर सोर्स ने फिर से जोर देकर कहा कि अनीत पड्डा के प्रोजेक्ट (मधुबाला की बायोपिक) से जुड़ने की बात सिर्फ एक अफवाह है और फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इससे पहले खबरें आई थीं कि मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी दिवंगत एक्ट्रेस का किरदार निभाएंगी, पर वो खबरें भी अफवाह साबित हुईं। अनीत पड्डा की बात करें, तो उन्होंने साल 2022 में फिल्म 'सलाम वैंकी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, पर स्टारडम 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से मिला। अब अनीत पड्डा फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। फिल्म में 'होमबाउंड' फेम विशाल जेठवा भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।



## हॉलीवुड मसाला



# पति बेनी को दी जन्मदिन की बधाई

**लॉस एंजिल्स।** सेलेना गोमेज ने अपने पति बेनी ब्लैंको के जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी शादी के पल और निजी जीवन की झलक दिखाई दी। सेलेना ने अपनी इस पोस्ट में शादी की कई रोमांटिक फोटोज शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ सेलेना ने कैप्शन में पति बेनी ब्लैंको को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। मैं तुम्हें पूरे दिल से प्यार करती हूं।'



# डॉल्बी थिएटर में होगा 98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह...

**लॉस एंजिल्स।** कुछ ही दिनों में ऑस्कर 2026 का आयोजन होने वाला है और अब इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस साल का कार्यक्रम और ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इसे कोनन ओ'ब्रायन होस्ट करने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल होने वाली हैं। 98वां अकादमी अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को हॉलीवुड के लॉस एंजेलिस स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्री की नजरें इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। भारत में टाइम डिफरेंस की वजह से दर्शक इस समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देख सकेंगे। आप जियो हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सुबह 4:30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।



# है जवानी तो इश्क... की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट के हिसाब से 'है जवानी तो इश्क होना है' अब 5 जून की जगह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक आधिकारिक बयान में लिखा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' मूल रूप से 5 जून को रिलीज होने वाली थी, जिसकी घोषणा हमने कई महीने पहले की थी। इस महीने की शुरुआत में, यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा की। 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी।



# लाहौर 1947 का नहीं बदला टाइटल...

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल को लेकर फिर से नया अपडेट सामने आया है। पहले खबर थी कि इसका नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है लेकिन, ऐसा नहीं है और इसकी पुष्टि आमिर खान ने की है। सनी देओल के फैंस 'बॉर्डर 2' के बाद उनकी अगली और चर्चित फिल्म 'लाहौर 1947' की रिलाज का इंतजार कर रहे हैं, जिसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी है। इस मूवी के टाइटल को लेकर बीच में अपडेट आया था कि उसे बदल दिया गया और उसका नया नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन, प्रोड्यूसर ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। आमिर खान से जब फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल में बदलाव के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'ये आपने कहां सुना?

## टीवी मसाला



# कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो जरूर अनुपमा में करूंगा वापसी

**नई दिल्ली।** अनुपमा में अनुज की भूमिका निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले गौरव खन्ना किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। गौरव को इस शो में इतना पसंद किया गया कि फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुज का कैरेक्टर बहुत ही मजबूत तरीके से दिखाया गया था। इस शो में दर्शकों ने अनुज के कैरेक्टर को इतना पसंद किया कि गौरव खन्ना हर किसी के फेवरेट बन गए। इस शो का हिस्सा बनने के बाद गौरव खन्ना को बिग बॉस 19 में देखा गया। इस शो के वो विनर बने. उसके बाद से फैंस को लगने लगा कि बिग बॉस के बाद गौरव खन्ना अब अनुपमा में वापसी करेंगे। अब गौरव खन्ना ने खुद इस बात को कंफर्म कर दिया है कि वो इस शो का हिस्सा बनेंगे या नहीं। एक इंटरव्यू में जब गौरव खन्ना से पूछा गया कि क्या वो फिर से अनुपमा में अनुज के तौर पर वापसी करेंगे। ऐसे में गौरव खन्ना ने जो जवाब दिया वो काफी मजेदार था। गौरव खन्ना ने कहा,'आप गलत इंसान से इस बारे में पूछ रहे हैं। क्योंकि, अनुपमा में वापसी करना मेरे हाथ में नहीं है। ये हमारे प्रोड्यूसर राजन शाही और चैनल स्टार प्लस पर डिपेंड करता है। अगर स्टोरी में मेरे लिए कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो मैं जरूर वापस आऊंगा। लेकिन, अगर ट्रैक एक्साइटिंग नहीं है तो मैं वापस नहीं आऊंगा।

## गुस्सा जायज है, घाव गहरे थे

**नई दिल्ली।** निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में



बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।' निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं। यह दोनों इस वक्त 'द 50' शो का हिस्सा हैं। जब निक्की और उनका बॉयफ्रेंड शो में थे तो शिव ठाकरे और प्रिंस नरुला से कई बार झगड़ा हुआ। 'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं।

# पद्मा कभी अमिताभ की बनी थीं हीरोइन खूब चलाया था कैबरे डांस का जादू ...

***नई दिल्ली।*** *भोजपुरी फिल्मों से अपना फिल्मी सफर शुरू करने वालीं पद्मा खन्ना ने अमिताभ बच्चन के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' और देवा आनंद के गाने 'हुस्न के लाखों रंग' में नजर आईं। फिल्मी और टीवी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे हैं जो अपने नाम से अधिक अपने किरदार की वजह से जाने जाते हैं। ऐसे ही कलाकारों की लिस्ट में एक नाम पद्मा खन्ना का रहा है जो टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में रानी कैकेयी के किरदार से घर-घर में पहचानी जाती थीं। 70 और 80 के दशक में खन्ना अपनी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। शायद बहुत कम लोगों को ये पता हो कि उनके फिल्मी सफर की शुरुआत के पीछे की वजह मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला थीं, जिन्होंने पद्मा का डांस देखकर उन्हें फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस से मिली यही छोटी सी सलाह आगे चलकर उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हुई।*



### अमिताभ के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' गाना

पद्मा खन्ना के करियर का एक और अहम पड़ाव फिल्म 'सौदागर' रही, जिसमें वह महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आईं। इस फिल्म का गाना 'सजना है मुझे सजना के लिए' उस दौर का बेहद लोकप्रिय गाना बना। धीरे-धीरे वह हिंदी और भोजपुरी दोनों फिल्म इंडस्ट्री में एक जानी-मानी एक्ट्रेस बन गईं और अपने डांस के लिए खास तौर पर पहचानी जाने लगीं।

### 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से शुरुआत

पद्मा खन्ना ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से की। उस समय उनकी उम्र लगभग 14 साल थी। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्मों में गिनी जाती है। इसके बाद उन्होंने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे इस इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। 'बिदेसिया', 'बलम परदेसिया', 'धरती मइया', और 'भैया दूज' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी पसंद किया गया।

# ताहिर ने पूरी की अनाम फिल्म की शूटिंग, साझा की तस्वीरें...



**मुंबई।** ताहिर राज भसीन जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर कई तस्वीरें साझा की हैं। अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी नजर आ रहे हैं। तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से

## हम घास की गठरियों पर आराम करते थे : सुप्रिया

# 80 के दशक में न वॉशरूम होते थे, और न ही वैनिटी वैन

***नई दिल्ली।*** *'खिचड़ी' एक्ट्रेस सुप्रिया पाठक ने 80 के दौर के फिल्म सेट की कहानी सुनाई और बताया कि तब वॉशरूम, वैनिटी वैन या आराम करने के लिए उचित जगह जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी कैसा अभाव रहा करता था। शाहिद कपूर की सौतेली मां सुप्रिया पाठक ने 'मिर्च मसाला' की शूटिंग के दौरान का एक किस्सा सुनाया। इस फिल्म की शूटिंग के लिए मिर्च फैक्ट्री में बिताए अपने अनुभव को शेयर किया और बताया कि कैसे एक दर्जन महिलाएं वहां घास और भूसे के गठरियों पर आराम करती थीं। हालांकि, 'खिचड़ी' एक्ट्रेस ने कहा कि इस तरह के माहौल में काम करने के पीछे की वजह एक्टर्स का जुनून होता था।*

### 80 से 90 के दशक में कैसा होता था फिल्मों का सेट

बातचीत में सुप्रिया ने 80 से 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बातें करते हुए बताया कि तब कैसे एक्टर्स वैनिटी वैन के बिना काम करते थे। उन्होंने कहा, 'जो जुनून था हमारे अंदर एक्टिंग का या किरदार बनाने का, उसकी वजह से बाकी सारी चीजों की अहमियत कम लगती थीं। पर धीरे-धीरे एहसास हुआ कि नहीं, ये भी जरूरी है।'

### बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए

उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, 'आपको कोई एक बैठने की जगह चाहिए और खासकर महिलाओं के लिए, आपको एक बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए। मतलब मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो उपलब्ध नहीं कराई जाती या होती ही नहीं थी।' मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं होती थीं।



### घास के बड़े-बड़े बंडल पर हम पूरे दिन बैठते थे

सुप्रिया पाठक ने कहा, 'मैंने एक फिल्म की थी मिर्च मसाला, जिसे केतन मेहता जी ने डायरेक्ट किया था। उसमें हम सारी औरतें थीं, करीब 10 महिलाएं थीं। तब हम मिर्ची की फैक्ट्री में शूट कर रहे थे। वो एक छोटा सा गांव था और वहां बेतहाशा गर्मी थी। वहां पीछे एक शेड जैसा था जहां घास रखे हुए थे। शायद मिर्ची को साफ करने का कोई प्रोसेस वहां होता था। तो बड़े-बड़े बंडल बनाकर रख दिए थे और हम पूरे दिन उसी पर बैठते थे।'

### कुछ भी करके बैठ जाते थे

पाठक ने कहा, 'एक एक्टर के लिए जैसे हमारे वहां स्पॉट बॉय होते थे, चाय लाना, अगर आप सर्दी में शूट कर रहे हो, कहीं भी शूट कर रहे हो तो बुनियादी सुविधाएं तो चाहिए ही। खाना, पानी, चाय, ये सब बेसिक चीजें जरूरी होती हैं। फिर मुझे लगता है कि धीरे-धीरे ये सारे बदलाव होंगे। हमारी इंडस्ट्री में आने लगे। आज शूटिंग करना काफी कंफर्टेबल होगा, चाहे आप कहीं भी हों। पहले के टाइम से काफी अलग है। हमारा वक्त तो हम सचमुच कहीं भी, कुछ भी करके बैठ जाते थे। '

### बाजार व राम-लीला के लिए मिले थे अवॉर्ड

बताते चलें की सुप्रिया पाठक ने अपनी मां दीना पाठक के साथ थिएटर से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'कलयुग' (1981) से फिल्मों में कदम रखा। पाठक को 'बाजार' (1982) और 'राम-लीला' (2013) के लिए अवॉर्ड भी मिले। उन्होंने 'मासूम' और 'मिर्च मसाला' जैसी फिल्मों, 'खिचड़ी' (हंसा के रूप में) और 'साराभाई वर्सेस साराभाई' जैसे टीवी शो में भी जानदार एक्टिंग की। इन सबके अलावा पाठक ने 'सरकार', 'वेक अप सिड', 'रेड 2' और 'खिचड़ी 2' में भी काम किया। एक्टिंग के अलावा सुप्रिया अपने पति पंकज कपूर के साथ एक प्रोडक्शन हाउस चलाती हैं।

## खबर संक्षेप

### वार्डों में एरिया सभा का अभियान 14 से

**नांगल चौधरी।** विभागीय निर्देशानुसार नपा प्रशासन 14 मार्च से वार्ड वाइज एरिया सभा का आयोजन करेगा। जिसमें अधिकारी व जनप्रतिनिधियों के साथ 10 फीसदी मतदाताओं की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। बैठक में समस्याओं को सूचीबद्ध करके समाधान किया जाएगा। सचिव ललित गोयल ने बताया कि सरकार ने पंचायतों में ग्रामसभा व शहरों में एरिया सभा करने के निर्देश दिए हैं।

### हरी खाद उगाने पर मिलेगी एक हजार की प्रोत्साहन राशि

**नारनौल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समृद्ध किसान विजन को अमलीजामा पहनाते हुए प्रदेश सरकार ने फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए नई पहल की है। इसके तहत किसानों को न केवल फसलों का उचित दाम दिया जा रहा है, बल्कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि सरसों व गेहूं की कटाई के बाद जो किसान अपने खेतों में हरी खाद या दलहनी फसलों की बिजाई करेंगे, उन्हें सरकार की ओर से एक हजार रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### घोड़ी पर निकाला बेटी सपना का बनवारा

**महेंद्रगढ़।** हाल आबाद डिफेंस कॉलोनी निवासी सूबेदार अनिल कुमार यादव ने सोमवार को अपने गांव बालरोड में पहली बार एक नई पहल के तहत हरियाणा पुलिस में कार्यरत बेटी सपना को घोड़ी पर बैठाकर बनवारा निकाला। सूबेदार अनिल कुमार ने बेटा–बेटी एक समान होने का संदेश दिया है। सपना पुत्री सूबेदार अनिल कुमार बालरोड की शादी नंदगांव भिवानी निवासी महिपाल के पुत्र विपिन के संग है। बेटी सपना ने ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करके हरियाणा पुलिस में कार्यरत है एवं लड़का भी हरियाणा पुलिस में कार्यरत है।

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी का 12वां दीक्षांत समारोह 14 मार्च को, आएंगे मुख्य न्यायधीश सूर्यकांत

*कुलपति ने सभी तैयारियां प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के दिए निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में 14 मार्च को आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर टंकेशवर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि इस वर्ष दीक्षांत समारोह में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत मुख्य अतिथि होंगे व पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति शील नागू व आईआईटी रोपड़ के निदेशक डॉ. राजीव आहुजा समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद देंगे। कुलपति ने सभी अधिकरियों को निर्देश दिए हैं कि वे दीक्षांत समारोह के लिए सभी तैयारियां प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। कुलपति ने कहा कि गत वर्षों की तरह 12वां दीक्षांत समारोह भी भव्य होने वाला है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी शिक्षण संस्थान का सबसे महत्वपूर्ण अकादमिक कार्यक्रम होता है। यह खुशी की बात है कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने विश्वविद्यालय के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए इसमें शामिल होने की स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ कई अन्य गणमान्य लोग भी दीक्षांत समारोह में शामिल होने जा रहे हैं। कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह में जिन विद्यार्थियों ने 31 जनवरी तक अपनी डिग्री सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, उन सभी विद्यार्थियों को इस दीक्षांत समारोह में दीक्षा दी जाएगी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति के नेतृत्व में समकुलपति प्रोफेसर पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने 12वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा की।



महेंद्रगढ़। हकेंवि का भवन। फोटो : हरिभूमि

### 1462 विद्यार्थियों को मिलेंगी उपाधियां

*विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कौशिक ने बताया कि दीक्षांत समारोह में कुल 1462 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें 827 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर डिग्री, 557 विद्यार्थियों को स्नातक डिग्री तथा 78 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए विश्वविद्यालय 50 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित करेगा। इनमें 30 छात्राएं और 20 छात्र शामिल हैं। वहीं पीएचडी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 40 महिला शोधार्थी और 38 पुरुष शोधार्थी हैं, जो उच्च शिक्षा और शोध में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। कुल उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 797 छात्र और 665 छात्राएं शामिल हैं। इनमें से 679 विद्यार्थी हरियाणा राज्य के हैं, जबकि 783 विद्यार्थी देश के अन्य राज्यों से हैं, जो विश्वविद्यालय की विविधता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह के दौरान निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करना होगा। पुरुष प्रतिभागी सफेद कुर्ता के साथ पायजामा या पैंट पहनेंगे। महिला प्रतिभागी ऑफ-व्हाइट साड़ी (दो इंच की मैरून लाल बॉर्डर के साथ) या ऑफ-व्हाइट कुर्ता के साथ सलवार, चूड़ीदार या पैंट पहन सकती हैं। विश्वविद्यालय की ओर से ऑफ-व्हाइट रंग का स्कार्फ दिया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को फॉर्मल जूते पहनने होंगे।*

### 15 कमेटियां बनाई

*दीक्षांत समारोह के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से 15 अलग अलग कमेटियां बनाई गई हैं जिनमें मुख्य रूप से स्टीयरिंग कमेटी, रिस्पेशन कमेटी, स्टेज एरेंजमेंट, सीटिंग एरेंजमेंट कमेटी, टेक्निकल स्पोर्ट, मीडिया सहित 15 कमेटियां बनाई हैं। इन कमेटियों के माध्यम से दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।*

## सीटीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश, पूरी स्टीकता से करें कार्य

# जनगणना-2027: नागरिक खुद भी भर सकते फॉर्म, मोबाइल एप से होगा कार्य

- जनगणना को लेकर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जनगणना एक दर्पण की तरह है जो हमें बताती है कि हम आज कहां खड़े हैं और हमें कल कहां पहुंचना है। इसके बिना विकास की कोई भी योजना अंधेरे में तीर चलाने जैसी होगी। ऐसे में देश के इस सबसे महत्वपूर्ण कार्य को सभी अधिकारी पूरी स्टीकता के साथ करें। यह निर्देश नगराधीश डॉ. मंगलसेन ने मंगलवार को लघु सचिवालय में जनगणना को लेकर हुई अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिए। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए जनगणना के नियमों की जानकारी दी गई।

जनगणना-2027 दो चरणों में संपन्न की जाएगी। जिसमें पहले चरण के तहत मकानों की सूची तैयार करने और आवास गणना का कार्य अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच संभावित है। दूसरे चरण में नौ फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक मुख्य जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य की सफलता के लिए प्रशासनिक स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले में इस कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए लगभग 2100 प्रगणक (इन्युमरेटर) और करीब 350 पर्यवेक्षक (सुपरवाइजर) तैनात किए जाएंगे, जो करीब 700 से 800 की जनसंख्या वाले प्रत्येक गणना ब्लॉक में डेटा एकत्रित करेंगे। इस बैठक में सहायक निदेशक गुरविंद्र सिंह, डिविजनल इंचार्ज जसवीर सिंह, कोऑर्डिनेटर अनकेत के अलावा राजस्व विभाग के अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



नारनौल। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को संबोधित करते सीटीएम डॉ. मंगल सेन।

### डेटा की गोपनीयता बनाए रखने के लिए सख्त हिदायत

*अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार जनगणना की पद्धति में आधुनिक बदलाव किए गए हैं और पूरी प्रक्रिया डिजिटल टूल्स तथा मोबाइल ऐप के माध्यम से संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनगणना का डेटा ग्रामीण स्तर पर गांव वार और शहरी स्तर पर वार्ड वार प्रकाशित किया जाएगा। जिसमें सभी पंचायतों, ढाणियों व मजरा क्षेत्रों को संबंधित राजस्व गांवों में ही शामिल किया जाएगा, ताकि डेटा की सटीकता बनी रहे। उन्होंने बताया कि प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को दोनों चरणों के सफल समापन के बाद कुल 25000 रुपये का मानदेय दिया जाएगा, जो सीधे उनके खातों में हस्तांतरित होगा। उन्होंने डेटा की गोपनीयता बनाए रखने के लिए सख्त हिदायत दी, ताकि जिले में जनगणना का यह कार्य पूरी पारदर्शिता और सटीकता के साथ समय सीमा के भीतर संपन्न हो सके।*



नारनौल। राष्ट्रपति के नाम डीआरओ राकेश कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए।

## महाबोद्धि महाबिहार का प्रबंध पूर्णता बोद्धों को सौंपने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के जिला महेंद्रगढ़ के अध्यक्ष शेरसिंह व महासचिव कृष्ण कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम जिला राजस्व अधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि महाबोद्धि महाबिहार का प्रबंध पूर्णता बोद्धों को सौंपा जाए। राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले को भारतरत्न से सम्मानित किया जाए।

उन्होंने बताया कि सावित्री बाई फुले ने शिक्षा का प्रचार प्रसार किया और सभी वर्गों के महिलाओं को शिक्षा दी। इसलिए उनके नाम से प्रथक धर्म संहिता पर्सनल ला बनाई जाए, क्योंकि तथागत गौत्तम की जन्मभूमि भारत है। पाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए, क्योंकि प्राचीनकाल से पाली भाषा भारत की गौरवशाली रही है। पाली भाषा को भारतीय शास्त्रों में मानवता वादी दर्शन पाली भाषा में उपलब्ध करवाई। ज्ञापन देने का कार्यक्रम पूरे भारत में राष्ट्रीय बौद्ध महासभा द्वारा किया गया है।

ज्ञापन जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया। ज्ञापन देने वालों में बौद्ध महासभा के कार्यकर्ता चांदराम भोड़ीवाल, सामाजिक कार्यकर्ता भूपसिंह महायच, एडवोकेट कामरेड सुभाष चन्द्र एडवोकेट आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान का सरल माध्यम: एसडीएम

- एसडीएम की अध्यक्षता में सतनाली खंड कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार को लगता है समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर लोगों के लिए एक उपयोगी मंच बन रहे हैं। यह बात महेंद्रगढ़ की एसडीएम कनिका गोयल आईएएस ने सतनाली खंड कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान कही। समाधान शिविर में कुल 10 शिकायतें पंजीकृत हुई। एसडीएम कनिका गोयल ने शिविर में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनके समाधान बारे निर्देश दिए। इस दौरान अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर किया गया, जबकि बाकि शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर समय सीमा तय की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों में न जाना पड़े। इस दौरान खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनोज कुमार, कविराज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। लोगों की शिकायत सुनती एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

## समारोह में सीएम सैनी का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

गांव रामबास निवासी एवं शिक्षा विभाग के प्रवक्ता रमन शास्त्री ने चंडीगढ़ स्थित सीएम आवास पर आयोजित समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व हरियाणा विधान सभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा का अभिनंदन किया। वे 11 मार्च तक चलने वाले भारत अंतर राष्ट्रीय विवाद सप्ताह में शिरकत कर रहे थे। बता दें कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की ओर से महापुरुषों के जीवन आधारित समारोह सरकारी स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं जनता के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की गई है।




कनीना। मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते प्रवक्ता रमन शास्त्री। फोटो: हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने वार्षिक खेलों में किया प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

राजकीय बहुतकनीकी लिसाना में दो दिवसीय 12वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संस्थान के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में बढ़-चढकर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। संस्थान के प्रधानाचार्य प्रवीन कुमार ने कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास तथा शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और भविष्य में भी खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों एवं टीचिंग स्टाफ के बीच रोमांचक रस्साकस्सी की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। दो दिवसीय इस खेलकूद प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, रिले दौड़, लम्बी व ऊंची कूद व गोला फेंक तथा अन्य कई खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।



रेवाड़ी। रिले रेस में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## शोरुम से सफाई कर्मचारी ने की गाड़ी चोरी, एक्सीडेंट होने पर फरार

**महेंद्रगढ़।** शहर में एक ऑटो मोबाइल शोरूम से नई कार चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर सफाई कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने कार को आरोपित के गांव से एक्सीडेंट किए हुए बरामद कर लिया। राजस्थान के जिला झुंझुनूं के लाम्बी अहीर के अनिल कुमार शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह धीरज मोटोकोर्प इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के शोरूम में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि उनके शोरूम में बुडिन के रविंद्र को सफाई कर्मचारी के रूप में रखा गया था और शोरूम की एक चाबी उसके पास रहती थी। शिकायत के मुताबिक आठ मार्च को वह अवकाश पर था। सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी के बाद घर चले गए थे। उसी दौरान जब उसने अपने मोबाइल फोन से शोरूम और वर्कशॉप में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए, तो शाम करीब छह बजकर 32 मिनट पर रविंद्र वर्कशॉप का ताला खोलकर वहां खड़ी बिना पंजीकरण की सफेद रंग की नई टाटा पंच इलेक्ट्रिक कार लेकर जाता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद शोरूम प्रबंधन ने रिकॉर्ड जांचा, तो एक गाड़ी गायब मिली। कर्मचारियों ने गाड़ी की तलाश की, जिसके बाद सूचना मिली कि आरोपित ने अपने गांव बुडिन के पास गाड़ी का एक्सीडेंट कर दिया है। मौके पर पहुंचने पर कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त मिली, जबकि आरोपित वहां से फरार था। इस बारे में उन्होंने पुलिस में सूचना दी। सूचना के आधार पर पुलिस ने गाड़ी को वहां से रिकवर किया। वहीं पुलिस आरोपित की तलाश में जुट गई है।



महेंद्रगढ़। मरीजों की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## डुलाना में स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल टीम ने किया 63 ग्रामीणों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण

**महेंद्रगढ़।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सरकार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग नारनौल की मोबाइल टीम ने मंगलवार को शिव मंदिर परिसर डुलाना में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ. ज्योत्सना एएमओ, जिला प्रोग्राम कॉर्डिनेटर रविंद्र सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूनम रैबारी, स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान, एएनएम रेणू कुमारी, सोनू, लक्ष्मी, रेडियोग्राफर सोहेल अहमद, राहुल फार्मेसी ऑफिसर, योगेश नर्सिंग ऑफिसर, अजय सिंह, बलवंत और महेंद्र सिंह की टीम ने 63 ग्रामीणों की स्क्रीनिंग की। इनमें से 34 मरीजों के एक्सरे किए गए। टीम ने आठ संभावित टीबी मरीजों के बलगम के नमूने लेकर उन्हें निक्षय पोर्टल पर अपलोड किया और लैब जांच के लिए भेजा। जांच में मुख्य रूप से बुजुर्ग, टीबी मरीजों के संपर्क में आए व्यक्ति, शुगर व बीपी के मरीज शामिल रहे। स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान ने कहा कि सरकार टीबी मरीजों को पोषण योजना के तहत छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। इलाज शुरू होते ही पहली किस्त के रूप में तीन हजार रुपये दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि टीबी फेफड़ों के अलावा शरीर के अन्य अंगों में भी हो सकती है, जिसके लक्षणों में दो सप्ताह से अधिक खांसी, लगातार बुखार, वजन कम होना और शरीर पर गांठ होना शामिल है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच करवाएं और छह माह का पूरा दवा कोर्स लें, जिससे मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। स्वास्थ्य जांच शिविर के समापन के बाद टीबी जिला प्रोग्राम कॉर्डिनेटर रविंद्र सिंह, एसटीएस पवन कुमार, स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान एवं सुमन आशा वर्कर ने टीबी के मरीजों के घर विजिट करके उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

## सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने वालों को देना होगा 50 हजार तक पर्यावरण मुआवजा

# एनजीटी के आदेशों को जिले में सख्ती से किया जाएगा लागू: उल्लंघन करने पर लगेगा जुर्माना

- जिले में कचरा प्रबंधन को लेकर सख्त आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विजय चौधरी ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से प्रकाश यादव बनाम हरियाणा राज्य मामले में जारी दिशानिर्देशों के तहत जिले में कचरा प्रबंधन को लेकर सख्त आदेश जारी किए हैं। चौधरी ने बताया कि सड़कों के किनारे, नदियों, जल निकायों, नहरों, वेटलैंड्स, झीलों, पंचायती या राजस्व भूमि और लोक निर्माण विभाग की भूमि पर कूड़ा डालना पूरी तरह प्रतिबंधित है।



उन्होंने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अनुसार कोई भी कचरा उत्पन्न करने वाला व्यक्ति या संस्थान अपनी सीमा से बाहर गलियों, सार्वजनिक स्थानों या नालियों में कचरा नहीं फेंक सकता और न ही उसे जला सकता है। नियमों के तहत प्रत्येक नागरिक को अपने घर या संस्थान का कचरा गीले, सूखे और घरेलू खतरनाक कचरे के रूप में अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर केवल अधिकृत कचरा संग्रहकर्ताओं को ही सौंपना अनिवार्य है।

क्षेत्रीय अधिकारी विजय चौधरी ने स्पष्ट किया कि इन नियमों का उल्लंघन करने वालों से भारी पर्यावरण मुआवजा वसूला जाएगा। सामान्य कचरा फैलाने के पहले मामले में पांच हजार और दोबारा उल्लंघन पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

वहीं बड़ी मात्रा में कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थानों, निकायों या ठेकेदारों की ओर से लापरवाही बरतने पर पहली बार में 25 हजार रुपये व दूसरी बार में 50 हजार रुपये का दंड निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस राशि की वसूली के लिए नगर निगम आयुक्त, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारियों और प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति जुर्माना नहीं भरता है, तो उसे भू-राजस्व के बकाया की तरह कानूनन वसूला जाएगा।

### डीसी की अपील, जिम्मेदारी के साथ करें कूड़ा प्रबंधन


उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिला के सभी नागरिकों से कहा है कि वे एनजीटी के नियमों का पालन करें और स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जब तक प्रत्येक नागरिक कूड़ा प्रबंधन में अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेगा तब तक पर्यावरण को स्वच्छ और साफ सुथरा बनाए रखना संभव नहीं है। ऐसे में हम सभी को मिलकर इस कार्य में आगे आना चाहिए।

## धारूहेड़ा में बेशकीमती जमीनों पर प्रभावशाली लोगों के कब्जे

**एक साल पहले जमीन की पैमाइश**

# सरकारी जमीन पर लोगों के कब्जे हटाने के लिए नहीं उठाए कदम





रेवाड़ी। पैमाइश के बाद जमीन की निशानदेही करते हुए कर्मचारियों का फाइल फोटो तथा राजस्व रिकॉर्ड की फर्द का फोटो। फोटो : हरिभूमि

- **आम रास्तों तक को नहीं बख्शा कब्जा करने वाले लोगों ने**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/धारूहेड़ा

गत वर्ष जून माह में नगर पालिका की जमीनों की पैमाइश के बाद निशानदेही की प्रक्रिया पूरी की गई थी। इसमें बड़ी संख्या में सरकारी जमीनों पर कब्जे की बात सामने आई थी। इसके बाद नगर पालिका प्रशासन ने इन कब्जों को खाली कराने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए। बेशकीमती जमीनों पर प्रभावशाली लोगों ने कब्जे जमाए हुए हैं। इन्हें खाली कराने के लिए अब कोर्ट का सहारा लिया गया है।

ग्राम पंचायत से नगर पालिका बनने के बाद से ही प्रभावशाली लोगों ने सरकारी जमीनों पर कब्जे करने शुरू कर दिए थे। आज आलम यह है कि कब्जा करने वाले लोगों ने आम रास्तों तक पर पुख्ता निर्माण किए हुए हैं। सोहना रोड पर नगर पालिका की जमीन पर कॉम्पलेक्स का निर्माण करने के बाद उसे बेच दिया गया है। इसके पीछे एक प्रभावी व्यक्ति की भूमिका बताई जा रही है। इस मार्ग पर कई अन्य स्थानों पर कब्जे किए हुए हैं। कब्जा करने वाले लोगों ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे के दोनों ओर भी सरकारी जमीन पर कब्जे किए हुए हैं। खजूरीवास रोड पर सरकारी जमीन कब्जों की चपेट में है। कस्बे के अंदरूनी और बाहरी इलाकों में कब्जा करने वाले लोगों की लंबी फेहरिस्त है, परंतु इन कब्जों को खाली कराने की दिशा में नगर पालिका की ओर से कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। रास्तों पर किए जाने वाले कब्जे आमजन के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं।

### मामला मेरी जानकारी नहीं



नगर पालिका की जमीन पर कब्जों का मामला मेरी जानकारी में नहीं है। अगर ऐसा है, तो इस मामले में जल्द ही संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली जाएगी। इसके बाद अवैध कब्जों को खाली कराने की दिशा में एक्शन लिया जाएगा।

-ब्रह्मप्रकाश, डीएमसी।

### शिकायतों के बाद हुई थी पैमाइश

कस्बे के लोगों ने जमीनों के नक्शे के साथ जिला प्रशासन को अवैध कब्जों की शिकायत की थी। उसके आधार पर नगर पालिका ने गत वर्ष 27 जून को पैमाइश कराते हुए निशानदेही की थी। इसमें आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर सरकारी जमीनों पर कब्जे होने की बात सामने आई थी। जमीनों की मार्किंग के बाद कब्जों को हटवाने की कार्रवाई की जानी थी, परंतु इस दिशा में आज तक कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

### जमीनों पर प्रभावी लोग काबिज

सरकारी जमीनों पर कब्जे करने वाले लोग राजनीतिक और आर्थिक रूप से प्रभावी होने के कारण इन जमीनों से कब्जे नहीं हटवाए जा रहे। रास्तों से लेकर सड़कों की जमीन तक पर अतिक्रमण और कब्जे होने से कस्बे में जाम की समस्या बनी रहती है। सरकारी जमीनों का दुरूपयोग हो रहा है, लेकिन अधिकारी इस मामले में पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं।

### कोर्ट में दायर की गई याचिका

कस्बे के जागरूक नागनिक नंबरदार प्रदीप राव ने सरकारी जमीनों और आम रास्तों को कब्जा मुक्त कराने की मुहिम शुरू की है। अधिकारियों की बेरुखी के चलते प्रदीप राव ने कोर्ट में याचिका दायर की है, ताकि कोर्ट के आदेश पर इन कब्जों को खाली कराया जा सके। प्रशासन से लोग पहले ही लंबे समय से सरकारी जमीनों को खाली कराने की गुहार लगा रहे हैं।

## खबर संक्षेप




### आईजीयू के छात्र राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए चेन्नई रवाना

मीरपुर। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के छात्र एआईयू अंतर-विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए चेन्नई के लिए रवाना हुए। निदेशक छात्र कल्याण प्रोफेसर अदिति शर्मा ने कहा कि कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी एवं कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह के मार्गदर्शन में आईजीयू की सांस्कृतिक टीम लगातार अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विवि का नाम रोशन कर रही है। टीम के ओवरऑल कंटिंजेंट इंचार्ज एवं सहायक युवा सलाहकार छात्र कल्याण डा. सुशांत यादव ने बताया कि आईजीयू की टीम ने अंबाला में आयोजित 39वें जोनल इंटर-यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में फोक डांस में तृतीय तथा माइम प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए क्वालीफाई किया था। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर करण सिंह ने टीम इंचार्ज डा. नवनीत कौशल, डा. प्रीति यादव तथा प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय जाटूसाना सहित सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं।




### स्वयंसेवकों ने आश्रम की साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

जाटूसाना। श्री कृष्ण राजकीय महाविद्यालय कंवाली में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने मंगलवार को श्रीमद् भगवत सेवा आश्रम दड़ौली में श्रमदान करते हुए सफाई अभियान चलाया। प्राचार्य डा. कर्मवीर यादव के मार्गदर्शन में आयोजित कैंप में स्वयंसेवकों ने आश्रम परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर आश्रम के महंत सर्पणानंद महाराज ने जीवन में नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को माता-पिता के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान का भाव बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। एनएसएस यूनिट-1 कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ने स्वामी सर्पणानंद महाराज का आभार व्यक्त किया तथा स्वयंसेवकों को जीवन में नैतिक मूल्यों का पालन करने और माता-पिता के प्रति सम्मान का भाव बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।



रेवाड़ी। अभियान के दौरान पहचान पत्रों की जांच करती पुलिस।

### रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान के लिए चलाया सर्च अभियान

रेवाड़ी। जिला पुलिस व स्वैत टीम की ओर से मंगलवार को कसोला व बावल क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान के लिए सर्च अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने झुग्गी-झोपड़ियों, होटल, पोल्ट्री फार्म व अन्य संदिग्ध स्थानों पर संदिग्ध लोगों की जांच की। पुलिस टीम ने वहां पर रहने वाले बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्र सहित वाहनों के कागजातों की जांच की। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले में अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिले में जो भी लोग बाहर से आकर रह रहे हैं। सुरक्षा को लेकर उनकी पहचान होना अत्यंत आवश्यक है।

### गर्मी के मौसम में पेयजल संबंधी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें विभागः डीसी

रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है, इसलिए पेयजल संबंधी सभी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त कर ली जाएं। साथ ही पेयजल सप्लाई का वैकल्पिक प्रबंध भी सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि जल के बिना जीवन संभव नहीं है, इसलिए आने वाले पीढ़ी के भविष्य की चिंता करते हुए जल को व्यर्थ न बहाएं और जल संरक्षण में अपना योगदान देते हुए जल का सदुपयोग करें। डीसी अभिषेक मीणा ने मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला जल एवं सीवरेज मिशन की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला में कहीं भी पेयजल आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी गांवों के साथ-साथ स्कूल, महाविद्यालय, अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्रों और बस स्टैंड आदि सार्वजनिक स्थानों पर भी पेयजल की उचित व्यवस्था हो। बैठक में डीडीपीओ एचपी बंसल, बीडीपीओ संजय सिंह, एसडीओ विनोद बागड़ी, जिला को-ऑर्डिनेटर योगेंद्र परमार उपस्थित थे।

## महिलाओं को मजबूत होने की आवश्यकताः कविता

- **दुर्गा शक्ति विंग ने महिलाओं को विभिन्न अपराधों, बचाव व नशे के दुष्प्रभावों के बारे में दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस की दुर्गा शक्ति विंग की ओर से मंगलवार को गांव देवलावास में महिलाओं को सशक्त बनाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुर्गा शक्ति विंग ने महिलाओं को डायल 112 के ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम, गुड टच-बैड टच, महिला-बच्चों विरुद्ध अपराध व साइबर अपराधों की पहचान, अपराधों से बचाव व अपराध होने पर उनके निवारण सहित नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। पुलिस टीम ने महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए। इस अवसर पर दुर्गा शक्ति इंचार्ज एएसआई कविता ने कहा कि वर्तमान में महिलाओं को अत्याचार व शोषण को रोकने के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत होने की आवश्यकता है। इसके लिए अभिभावकों को भी छात्राओं को नियमित रूप से आत्मरक्षा के प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि वे मुश्किल परिस्थिति में भी मुसीबत का डट कर सामना कर सकें। एएसआई कविता ने बताया की पुलिस प्रशासन की ओर से नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में सभी महिलाएं आगे आकर अपनी अग्रणी भूमिका निभाए ताकि नशे को समाज से पूरी तरह से खत्म किया जा सके।



पानीपत। महिलाओं को जानकारी देते हुए दुर्गा शक्ति टीम। फोटो : हरिभूमि

### भविष्य पूरी तरह से ऑटोमेशन और स्मार्ट डिवाइसेज पर आधारितः साहिल



रेवाड़ी। सोमाणी कॉलजे में तकनीकी शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने और विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से रूबरू कराने के लिए ऑनलाइन एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। सत्र का मुख्य आकर्षण स्मार्ट रूम ऑटोमेशन विषय रहा, जिसमें इंटरनेट ऑफ थिंग्स की बारीकियों पर चर्चा की गई। इस मौके पर मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के विशेषज्ञ साहिल ढिल्लों ने कहा कि भविष्य पूरी तरह से ऑटोमेशन और स्मार्ट डिवाइसेज पर आधारित है। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने सेंसर टेक्नालॉजी और मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए उपकरणों को नियंत्रित करने की व्यावहारिक प्रक्रियाओं को समझा। कॉलेज निदेशक प्रो. जे एस ढिल्लों ने साहिल ढिल्लों का धन्यवाद किया। कॉलेज से प्रो. आरती, प्रो. नीलम यादव, प्रो. कविता व प्रो. अश्विनी सहित अनेक छात्रों ने ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में शामिल थे।

## कालूवास में डीटीपी की कार्रवाई, अवैध दुकानें की ध्वस्त

### पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ



रेवाड़ी। अवैध दुकानों को तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र की राजस्व सीमा में अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम गोकलगढ़ बाइपास के पास गांव कालूवास में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने निर्माणाधीन अवैध दुकानों को ध्वस्त कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।

### अवैध निर्माणों पर कार्रवाई रहेगी जारीः सिहाग



*डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि अनियमित कॉलोनियों में अवैध निर्माणों पर विभाग की कार्रवाई जारी रहेगी। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार बताया जा रहा है कि वं प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।*

## सीआईए के हत्थे चढ़ा गुलेल गैंग का एक और सदस्य

*पांच सदस्यों को पुलिस पहले ही काबू कर चुकी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए कोसली ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार करने ने सफलता हासिल की है। आरोपी राजस्थान में गुलेल गैंग के नाम से चोरी का आतंक फैलाने वाले गिरोह का सदस्य है, जिसके पांच सदस्यों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी को कोर्ट से 2 दिन के रिमांड पर लिया गया है।

निमोठ निवासी ललित कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया था कि 15 जुलाई 2025 की रात वह अपने मकान को ताला लगाने के बाद सोने के लिए प्लॉट में चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह मकान पर आया तो मेन दरवाजे का ताला व कुंडी टूटे हुए थे। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। कमरों में रखे अलमारी व संदूकों के ताले टूटे हुए थे। चोर कमरे में रखी संदूक से 2.5 लाख रुपये व लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। थाना खोल में चोरी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त अंतराज्जीय चोर गिरोह की मुख्य सरगना जिला महेंद्रगढ़ के गांव पड़तल निवासी काली उर्फ संतरा, उसके लड़के विजय, लड़की पिंकी, पड़ोसी अरुण व जिला भिवानी के गांव आलमपुर निवासी नरेंद्र उर्फ डिल्लू उर्फ जोगी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की रकम में से 24 हजार रुपये की राशी व अलग-अलग जगह से चोरी किए कुछ जेवरात बरामद किए थे। इस मामले में सीआईए ने झज्जर के गांव बहु निवासी अजीत को गिरफ्तार किया है, जो इस समय पड़तल में ही रह रहा है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### चार दिन से लगातार 35 डिग्री के पार पारा, आज मौसम में फिर बदलाव की संभावना

# सीजन का सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार

- **37 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा तापमान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम का मिजाज लगातार गर्म होता जा रहा है। गेहूं की फसल पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। चार दिन से लगातार तापमान 35 डिग्री के पार बना हुआ है। गर्मी पसीने छुड़ाने लगी है। रात का तापमान भी बढ़ना शुरू हो गया है। बुधवार को मौसम में एक बार फिर बदलाव आने की संभावना जताई जा रही है, लेकिन अभी बारिश के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। मंगवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। तेज धूप निकलते ही दोपहर तक गर्मी ने जमकर पसीने छुड़ाए। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 37.0 डिग्री पर पहुंच गया, जो इस सीजन में दिन का सर्वाधिक तापमान है। रात का तापमान 0.2 डिग्री की कमी के साथ 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस समय दिन-रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। बीत साल 10 मार्च को अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री और न्यूनतम 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। तीन-चार दिन से हवाएं भी 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही हैं। पंखे और एसी चलने शुरू हो गए हैं, जिससे बिजली की खपत में भी इजाफा होना शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी भी हो सकती है, परंतु तापमान में ज्यादा कमी आने की संभावना नहीं है। इस दौरान तेज हवाओं से लेकर आंधी तक चल सकती है।



रेवाड़ी। सोमवार रात को बारिश के बादल छाने के बाद का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### गेहूं की फसल पर दीमक का प्रकोप

*मौसम गर्म होने के कारण गेहूं की फसल पर इसका ज्यादा असर पड़ने लगा है। कई एरिया में गेहूं की फसल दीमक की चपेट में आनी शुरू हो गई है। खेतों के किनारों पर गेहूं सूखना शुरू हो गया है। फसल समय से पहले पकने की ओर अग्रसर होने लगी है, जिससे दाना कमजोर रहकर वजन कम करने का काम करेगा। इससे गेहूं उत्पादन में कमी की आशंका बन गई है। इस समय किसानों को दोपहर के समय गेहूं की नियमित सिंचाई करनी चाहिए। इससे जमीन का तापमान कम होकर फसल का बचाव करने में सहायक होगा।*

### आंगनबाड़ी केंद में मनाया ईसीसीई-डे बच्चों को समझाया स्वच्छता का महत्व

कोसली। कृष्ण नगर गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को बाल्यावस्था देखभाल दिवस यानि ईसीसीई अर्थात अर्ली चाइल्डहुड केयर एजुकेशन-डे मनाया गया। कार्यक्रम में 3 से 6 साल तक की आयु के बच्चों को उनकी माताओं के साथ आम दिनचर्या में साफ-सफाई रखने के बारे में जागरूक किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर पिंकी शर्मा ने बताया कि अन्य केंद्रों में भी ईसीसीई-डे मनाया गया।

### ट्रॉमा सेंटर के पास मिला सिक्योरिटी गार्ड का शव

रेवाड़ी। मंगलवार सुबह ट्रॉमा सेंटर के पास एक व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस ने सामान्य अस्पताल से शव का पोस्टमार्टम करा दिया। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। सुबह के समय लोगों ने ट्रॉमा सेंटर के सामने एक व्यक्ति को उल्टा पड़ा देखकर उसे उठाने का प्रयास किया। जब वह नहीं उठा तो पुलिस को सूचना दी गई। सिटी पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो व्यक्ति मृत पड़ा हुआ था। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुला लिया। मृतक की शिनाख्त राजस्थान मावंडा निवासी 55 वर्षीय महेंद्र कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने उसकी जेब से मिले कागजों के आधार पर परिजनों को सूचना देकर बुला लिया। महेंद्र शादी के बाद से ही जिले के मायण गांव में अपनी ससुराल में परिवार सहित रह रहा था। वह जयपुर की एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड लगा हुआ था।